बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-199
17/05/2022

शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

पटना, 17 मई 2022 :– स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन 4, वीरचन्द पटेल पथ स्थित शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति संग्रहालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शहीद सूरज नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शिक्षा सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री डॉ0 रामप्रीत पासवान, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन, पूर्व विधान पार्षद श्री रामचन्द्र भारती, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की।

सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा शहीद सूरज नारायण सिंह को श्रद्धा–सुमन अर्पित करने के लिए भजन, देशभक्ति गीत एवं बिहार गीत का गायन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना की गई और शहीद सूरज नारायण सिंह को स्मरण करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों द्वारा राज्यसभा उप चुनाव में श्री अनिल हेगड़े को उम्मीदवार बनाये जाने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पार्टी के लिए लगातार काम कर रहे हैं, पार्टी ने उन्हें सर्वसम्मति से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है।

******